an>

Title: Need to include 'Kohri' caste of Madhya Pradesh in the central list of OBC.

श्री बोध सिंह भगत (बालाघाट) ः मध्य प्रदेश के बालाघाट जिला एवं अन्य जिलों में कोहरी जाति के लोग अत्यधिक संख्या में निवास करते हैं। यह जाति मध्य प्रदेश के पिछड़े वर्ग की सूची में शामिल है, किंतु भारत सरकार के पिछड़े वर्ग की सूची में शामिल नहीं होने के कारण इस जाति के लोगों को भारत सरकार की शासकीय सेवाओं में किसी प्रकार का आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है जबकि यही जाति महाराष्ट्र प्रदेश में भारत सरकार की अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल है। इस जाति के लोग काफी गरीब, पिछड़े तथा आर्थिक रूप से कमजोर हैं जिन्हें केन्द्र की शासकीय सेवाओं में आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। अतः मैं भारत सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि मध्य प्रदेश की कोहरी जाति (अन्य पिछड़ा वर्ग) को भारत सरकार की अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल किया जाए।